जहां तक एससी सब प्लान का मामला आया, ...(व्यवधान) सामने से जो माननीय सदस्य बोल रहे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आपके कार्यकाल का बजट देख लीजिए। आपके कार्यकाल के बजट की तुलना में बजट में भी बढ़ोतरी हुई है और जो खर्च किया है हमने इन दो साल में, वÂाऩ 2009 से लेकर 2014 तक अर्थात पांच सालों में कांग्रेस की सरकार ने या जो भी सरकार रही है, उसने जितना खर्च किया था, उसका 50 पर्सेंट से ज्यादा हमने दो साल में खर्च किया है। आने वाले तीन साल में उनसे कई गुना ज्यादा खर्च करने की स्थिति में हम होंगे।

एसटी सब प्लान की बात आई, एससी सब प्लान की बात आई, मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहता हूं कि ईमानदारी से पिछले दस साल के बजट के आंकड़े देख लें। ...(व्यवधान) वÂाऩ 2013-14 तक एससी सब प्लान में बहुत कम पैसे मिलते थे। जो आबादी के मान से पैसा देने की बात कर रहे हैं, उनके समर्थन से चलने वाली सरकार, उनकी पार्टी की सरकार का उस समय का जो एवरेज था, वह साढ़े 7 प्रतिशत से ज्यादा नहीं था। मिलना चाहिए था 15 पर्सेंट, लेकिन मिला साढ़े 7 पर्सेंट। वÂाऩ 2014-15 में हमने जो बजट प्रावधान किया था, उसके आधार पर पौने 11 पर्सेंट की धनराशि हमने दी थी और उसके बाद पिछले साल उसमें जरूर कमी आई थी। उस कमी का एक प्रमुख कारण यह था कि भारत सरकार ने 14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को मानकर, जो राज्यों को केन्द्र का अंश 32 पर्सेंट पहले दिया जाता था, उसको 42 पर्सेंट कर दिया अर्थात 10 पर्सेंट बढ़ा दिया। उसके अतिरिक्त 5 प्रतिशत धनराशि लोकल बॉडीज के लिए, स्थानीय निकायों के लिए अलग से दे दी, दो पर्सेंट पंचायती राज व्यवस्था के लिए दे दिया, टोटल मिलाकर 17 पर्सेंट धनराशि राज्य सरकारों को पहले की तुलना में ज्यादा दी गई। इस कारण से एससी सब प्लान में, एसटी सब प्लान में मामूली सी कमी आई थी। हमने राज्य सरकारों से आग्रह किया था कि आपको ज्यादा पैसा मिला है, आप इसकी भरपाई वहां से करने की कोशिश करें। इस बार मैं आपको खुशी के साथ बताता हूं। पिछले टाइम 30,000 करोड़ रुपए एससी सब प्लान में थे, इस बार हमने 38,800 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि का प्रावधान किया है। आंकड़े उठा कर देख लें, जिनकी सरकार साठ साल से थी, दस पर्सेंट से ज्यादा का एवरेज कभी भी उनके टाइम पर नहीं रहा है। ...(व्यवधान) हमारा प्रयास है कि आबादी के मान से मिले, डायवर्जन नहीं हो, सही उपयोग हो, उसके लिए हम सतत निगरानी भी करते हैं। आवश्यकता होगी तो कुछ नियम कानून-कायदे का प्रावधान करने का भी विचार कर रहे हैं, आगे बढ़ेंगे। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि हमने पिछले वÂर्षों की तुलना में हर क्षेत्र में यह सब काम करके दिखाया है।

मेरे विभाग में प्रमुख रूप से एक विक्लांग वर्ग सशक्तिकरण विभाग भी है, जो दिव्यांग नाम से पॉपुलर हो गया है। अभी तक हमारे विभाग में शासकीय स्तर पर विक्लांगजन सशक्तिकरण नाम है, लेकिन हम जहां जाते हैं वहां 'दिव्यांग' नाम से कार्यक्रम होते हैं और कार्ड भी छपते हैं। उन वर्गों के लिए पहले की तुलना में पिछले वर्ष 2014-15, 2015-16 और वर्ष 2016-17 में बजट में बढ़ोतरी हुई है। हम ने उसमें विक्लांगों के सशक्तिकरण के लिए कार्य योजना बनाई है। पहले भी विक्लांगों को उपकरण बांटने का प्रावधान था, वे कब बंटते थे, कैसे बंटते थे, कितने बंटते थे, कुछ पता नहीं रहता था, हमने तीन उद्देश्यों को लेकर सार्वजनिक रूप से, ट्रांसपरैंसी बनी रहे, जो चीजें हम लाभार्थियों को दे रहे हैं, उनकी क्वालिटी कैसी है और उसके साथ-साथ उसमें कहीं लिकेज तो नहीं हैं, हम ऐसे सार्वजनिक आयोजन करते हैं। अभी तक हमने इन दो सालों में 1836 कैम्प आयोजित किये, उनमें एक हजार से अधिक लाभार्थी और एक करोड़ से ज्यादा की धन राशि वाले 106 कैम्प आयोजित किये, उनमें मैं स्वयं गया हूं और बाकी को राज्य मंत्री, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया है। मैं पूछना चाहूंगा कि हम ने 1836 कैम्प आयोजित किए और साढ़े तीन लाख लोगों को उपकरण बांटे, आप जिनकी बात कर रहे हैं, या जिनकी पहले सरकारें थी, उनसे आंकड़ा पूछ लीजिए। बहुत पहले से योजना चल रही है, उस समय ऐसा क्यों नहीं हुआ? ...(व्यवधान)

हमारे विभाग ने जितने वर्ग बताये, उन सभी वर्गों के वित्त विकास निगम भी हैं। अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम, सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम, पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम और विक्लांग वित्त विकास निगम है। हम ने सभी वित्त विकास निगमों के माध्यम से संबंधित वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण भी दिया है और वह प्रशिक्षण की संख्या लाखों में है। प्रशिक्षण के बाद उनको स्वावलंबी बनाने के लिए सस्ती ब्याज की दर पर, चार-पांच प्रतिशत वार्Âिाक ब्याज की दर पर, हजारों लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराई है। लाखों की राशि उनको उपलब्ध कराई है, कोई कारोबार कर रहा है, कोई दुकान लगा रहा है, कोई हैंडलूम बना रहा है, कोई खिलौने बना रहा है, कोई क्या बना रहा है, जो प्राचीन अर्थव्यवस्था थी, लघु उद्योग और कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का काम हमने किया है। हम विक्लांगजनों को भी प्रशिक्षण देते हैं और यही सारी सुविधायें उपलब्ध कराते हैं। हमने विक्लांगता के क्षेत्र में लगभग 50,000 लोगों को प्रशिक्षण दिया और प्रशिक्षण के साथ उनको स्वावलंबी बनाने का भी काम किया है और भारत सरकार के मंत्रालयों में विक्लांगों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी है, यह राज्य सरकार के मंत्रालयों में भी है। हम ने बैकलॉग को पूरा करने की दÂिष्ट से विशेÂष भर्ती अभियान चलाया और पिछले डेढ़-दो वÂर्षों में जितनी वैकेन्सियां थीं, उन में से आधे से अधिक अर्थात् 9,000 से अधिक रिक्त स्थानों की पूर्ति की है। लेकिन उसमें एक तकलीफ है कि चाहे एससी के बैकलॉग हो, विक्लांगता के क्षेत्र में लोग काम करते हैं या उनकी रिक्त स्थानों की पूर्ति का सवाल हो, पहले क्या हुआ कि टोटल, इतने विक्लांग हैं तो उसका प्रतिशत, जैसे तीन प्रतिशत हुआ तो इतने पद होने चाहिए, पर आज से पहले की सरकार, पांच साल पहले तक इन नियमों का पालन करने की बजाय, उसकी पूर्ति सामन्य वर्ग से भी करती रही है। ऐसा कई बार एससी वर्ग में भी होता रहा है, इस कारण आज कल एक नियम बन गया-वैकेन्सी बेस्ड। जो वैकेन्सी होगी, उसके आधार पर नियुक्ति करेंगे तो उन कठिनाइयों को दूर करने की दÂिष्ट से भी हम बहुत कुछ करने का प्रयास कर रहे हैं।

मेरे विभाग में सीनियर सिटिजन, जैसा मैंने बताया कि नशामुक्ति की योजना भी है। हम नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से अभियान चला रहे हैं, हमारे विभाग के अधिकारी यह करते हैं, एनजीओज भी यह करते हैं। सीमावर्ती राज्यों में इसकी समस्या है।...(व्यवधान) वहां उन समस्याओं का समाधान करने के लिए भी कार्य योजना कर रहे हैं। ...(व्यवधान) हम नशा मुक्ति केन्द्र भी चला रहे हैं और हमें खुशी है कि हम अनेक लोगों को नशा मुक्त करने में सफल भी हुये हैं। इसके साथ ही वृद्धजन नीति बनाने का काम अंतिम चरण में है। मैं सोचता हूं कि अगले छ: महीने में नशा मुक्ति नीति और किन्नर समुदाय के लिए हम नया कानून बना रहे हैं। हम कोशिश करेंगे कि नया कानून इसी साल के अंदर पारित हो जाए और उन्हें भी ये सारी सुविधाएं मिलने लगें।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि पहले विकलांग जनों के छात्र-छात्राओं को पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति नहीं मिलती थी। हमने 2014-15 से छात्रवृत्ति देना प्रारंभ किया है। वÂान 2015-16 में अनेक छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देने का भी काम किया है।...(व्यवधान) हम प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप देते हैं। विशेÂा योग्यता के लिए स्कॉलरशिप देते हैं, ओवरसीज़ स्कॉलरशिप देते हैं और नैशनल फैलोशिप योजना के अंतर्गत भी जो पीएचडी आदि करते हैं, उन्हें ये सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं।

बहुत सारे माननीय सदस्यों ने कहा था कि बीमारी के लिए इलाज की सुविधा भी देनी चाहिए। मैं खुशी के साथ कहता हूं कि मेरे आने के बाद 2014-15 में लगभग 45 लोगों, जिनके आवेदन मेरे पास आए, हमने चिकित्सा सुविधा के लिए उन्हें लाखों रुपये उपलब्ध कराए। 2015-16 में हमने 62 लोगों से अधिक लोगों को, डाक्टर ने जितना ऐस्टीमेट बनाकर दिया था और उनके आवेदन के साथ आया था, सारी राशि स्वीकृत की है। मेरे पास इस काम के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। मैं सांसद महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि उनके क्षेत्र में मेरे विभाग से संबंधित वर्ग के कोई लोग आते हैं जो बीमार हैं और चिकित्सा सुविधा करना चाहते हैं, आवेदन भिजवाएंगे तो मैं जरूर मंजूरी दूंगा।

इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा की दÂिष्ट से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ जो अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न की घटनाएं होती हैं, उन्हें दूर करने के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण, 1979 से जो बना था, उसमें बहुत सारी खामियां थीं। उन खामियों को दूर करने के लिए हम नया विधेयक लाए थे। मैं धन्यवाद देता हूं कि लोक सभा ने उसे पारित किया और राज्य सभा ने भी पारित किया। एक जनवरी, 2016 से वह अधिसूचित हो गया, राजपत्र में आ गया। फिर 26 जनवरी, 2016 से उसे लागू कर दिया गया। 14 अप्रैल अम्बेडकर जी की जयन्ती से उसका कानून भी देश में लागू हो गया। उसके कारण जमीन-आसमान का अंतर आएगा। उन्हें लाभ मिलने के लिए, सम्मान देने के लिए पहले जो कानून था, उसमें इस बात का प्रावधान नहीं था। अगर कोई किसी की मूंछ काट दे, मूंछ मूंड दे, सिर मूंड दे, मुंह काला कर दे, जूतों का हार पहना दे, निवस्त्र कर दे, सड़क पर घुमा दे, उसे बेइज्जत करे, घोड़े या घोड़ी पर बैठकर बारात नहीं निकालने दे, बड़े-बड़े आयोजन करते हैं तो जुलूस नहीं निकालने देते, चुनाव से रोकते थे, इस प्रकार से बहुत सारे ऐसे प्रावधान हैं जिनके कारण उनके साथ उत्पीड़न की घटनाएं घटती थीं, लेकिन वह कानूनी दायरे में नहीं आता था। उनके साथ अन्याय होता था और बहुत सारे लोग धर्म परिवर्तन करते थे। मिर्चपुर और बगाना, हरियाणा की घटनाएं इसका बड़ा उदाहरण हैं। ...(व्यवधान) वहां उन्हें न्याय नहीं मिला, रिपोर्ट तक नहीं हुई। आज भी वे हमारे पास आते हैं। हम उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। जब उन्हें न्याय नहीं मिला तो उन्होंने धर्म परिवर्तन भी कर लिया था।...(व्यवधान) सामने बैठे हुए लोगों की सरकार थी। हम पूछना चाहते हैं कि उन्हें न्याय क्यों नहीं दिलवाया। मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, सबको मालूम है। मिर्चपुर वाले लोग गांव छोड़कर आज भी दिल्ली या इधर-उधर रहने के लिए मजबूर हैं। क्यों हैं, हम पूछना चाहते हैं?...(व्यवधान) उस समय क्यों नहीं बोलते। आजकल वह राजनीतिक पार्टी जो सत्ता में थी, बुरी हार हुई, करारी हार हो गई, 44 की संख्या रह गई, नीचे की जमीन खिसक गई। अब उन्हें सब याद आने लगा। याद आने लगा तो क्या कर रहे हैं।...(व्यवधान) दलितों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं, भड़काने की कोशिश कर रहे हैं और यही कारण है कि हैदराबाद की घटना को जान-बूझकर जाति की ओर बढ़ाने की कोशिश की, वर्ग संघÂान की स्थिति पैदा की, वर्ग में बांटने की कोशिश की और देश के दलितों को भ्रमित करने की कोशिश की।...(व्यवधान) जयप्रकाश जी, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप बैठिए।...(व्यवधान) आदरणीय खड़गे साहब आ गए हैं। यूपीए सरकार के समय उसी हैदराबाद यूनिवर्सिटी में 2006 से 2014 तक 11 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की। मेरे पास उनके नाम हैं, उसमें से तीन एसटी थे, तीन एसटी थे, ओबीसी थे और बाकी जनरल के थे। यहां से बहुत से राजनीतिक दलों के मुखिया वहां गए, कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी जी भी गए और दूसरे लोग भी गए। मैं पूछना चाहता हूं कि 11 छात्र-छात्राओं ने आत्महत्याएं की थीं उस समय कोई क्यों नहीं गया। ...(व्यवधान) आज केवल जातिवाद को भड़काने के लिए कोशिश की जा रही है। जातिवाद को भड़काना और देशद्रोही गतिविधियों में संलग्न लोगों के साथ वहां भेजने की कोशिश देशहित में नहीं है। मेरी कांग्रेस वालों से विशेÂाष प्रार्थना है, कांग्रेस का इतिहास देश को आजाद कराने में रहा है। उस आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलो, महात्मा गांधी जी की कांग्रेस का अनुसरण करो। आजकल की कांग्रेस में गांधी जी बहुत आ गए लेकिन महात्मा गांधी वाली कांग्रेस नहीं है। हर क्षेत्र में उन्होंने भारत के संविधान का उल्लंघन करने की कोशिश की। मैं पूछना चाहता हूं कि भारत के संविधान में जिन बातों का उल्लेख किया गया है उन बातों पर अमल करने के लिए कोशिश क्यों नहीं की गई ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Are you yielding?

श्री थावर चंद गहलोत : मैं यिल्ड नहीं कर रहा हूं।

HON. CHAIRPERSON: Khargeji, let him finish his speech.

श्री थावर चंद गहलोत : अगर खड़गे साहब उस बात का जवाब देते हैं तो मैं यिल्ड करता हूं कि हैदराबाद यूनिवर्सिटी में उनका कोई नेता इससे पहले क्यों नहीं गया? 11 छात्रों ने आत्महत्या की थी अगर इसका जवाब देते हैं तो मैं बैठने के लिए तैयार हूं नहीं तो उनको मेरी बात सुननी चाहिए...(व्यवधान) अगर उनके पास कोई जवाब है ...(व्यवधान) सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसके पहले वहां क्यों नहीं गए थे। अभी जाकर वहां क्यों इस तरह कर रहे हैं? ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, ऐसे लोग जो डिनोटिफाइड श्रेणी में आते हैं ...(व्यवधान) जो घुमंतु श्रेणी में आते हैं, घुमंतू जाति में आते हैं, डिनोटिफाइड ट्राइब्स में आते हैं, उन्होंने देश की आजादी के पहले संकल्प लिया था। महाराणा प्रताप जब अकबर से हारे थे, उस समय संकल्प लिया कि कि हम चितौड़ को आजाद कराएंगे जब तक चितौड़ आजाद नहीं होगा, घर में नहीं रहेंगे, दीया नहीं जलाएंगे, घर बनाकर नहीं रहेंगे। उन लोगों की समस्याओं को लंबे समय से समाधान के लिए मांग करते रहे लेकिन पहले की सरकार ने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया। हमने दादा इदाते की अध्यक्षता में आयोग बनाया है और हमने उनको मुद्दे दिए हैं कि आप डिनोटिफाइड घुमंतू जाति में कौन-कौन जातियां आती हैं उनको सर्वे करे। वह देश के सभी भागों में जाकर सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के बाद वे रिपोर्ट देंगे। रिपोर्ट आने से पहले ही हमने तय कर दिया है कि उस समुदाय से संबंधित छात्र-छात्रों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे जो एससी के छात्रों को मिल रही हैं, एसटी के छात्रों को मिल रही हैं और ओबीसी के छात्रों को मिल रही है। इसी प्रकार से किन्नर समुदाय से संबंधित वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा देने का प्रयास करेंगे।

सभापति महोदय, माननीय सदस्यों ने बहुत सारी बातें उठाई, महेन्द्र सिंह जी अभी यहां बैठे नहीं हैं। उन्होने एक बात का उल्लेख किया था। संतोÂा सिंह जी ने भी उल्लेख किया था कि मुझे एक पत्र दिया था, मैंने उनको एक्नॉलेजमेंट दिया था परंतु काम नहीं हुआ। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि उस पत्र का आखिरी पैराग्राफ पढ़ लें। उस पैराग्राफ में मैंने लिखा था कि अगर राज्य सरकार प्रस्ताव भेजेगी और आप प्रस्ताव भिजवाएंगे तो मैं जरूर उस पर कार्रवाई करूंगा लेकिन आज तक न उन्होंने न वहां की सरकार ने कोई प्रस्ताव भेजा है। अगर प्रस्ताव आएगा तो मैं उस पर कार्रवाई करने उनको आश्वस्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं। इसी प्रकार से धर्मेन्द्र सिंह जी ने एक बात उठाई थी और कहा था कि उन्होंने लोक सभा में एक अतारांकित प्रश्न पूछा था और जो उत्तर आया था वह सही नहीं था।

सभापति महोदय, मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सही उत्तर नहीं आता है, तो सदन के नियम और प्रक्रियाएं हैं, जिनके अनुसार यदि यदि किसी प्रश्न का उत्तर सदन में सही नहीं दिया जाता है, तो उनके अन्तर्गत कार्रवाई की जाती है। माननीय सदस्य उस बात को आपके नोटिस में लाते हैं और उस पर आपका जैसा आदेश होता है, उसके अनुसार कार्रवाई की जाती है। इसके बावजूद मैं, उन्हें बताना चाहता हूं, चूंकि सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने वह प्रश्न कार्मिक एवं प्रशासनिक मंत्रालय से पूछा था और वहां से वह जवाब उन्हें दिया गया था। मैं इस संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक मंत्रालय से संपर्क करूंगा और उनकी जो आशंका है, उसे दूर करने का प्रयास करूंगा।

सभापति महोदय, बहुत सारे सदस्यों ने अनेक प्रकार की मांगें की हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैंने उन सभी मांगों पर पहले से ही कार्य-योजना बनाकर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। हरियाणा के माननीय सदस्य श्री दुÂष्यन्त चौटाला जी ने कहा था, उत्तर प्रदेश का विÂाषय भी आया तथा अन्य राज्यों ने भी विÂाय उठाए। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि प्रीमेट्रिक स्कॉलरशिप की मद में हरियाणा ने अभी तक भारत सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया है और न ही इस बारे में उनकी ओर से भारत सरकार को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, क्योंकि उनकी अपनी कोई अलग योजना है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार भी भारत सरकार से इस मद में पैसा नहीं लेती है। जब-जब उनके प्रस्ताव आएंगे, हम उन्हें इस मद में धन अवश्य देंगे। मध्य प्रदेश एवं अन्य कुछ राज्य ऐसे हैं, जो इस योजना को अपने स्तर पर चलाते हैं। हमारे यहां प्रस्ताव नहीं भेजते हैं, लेकिन फिर भी मैं एक बात बताना चाहता हूं, जैसा कि मैंने पहले कहा कि प्रीमेट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में हरियाणा ने हमसे कुछ नहीं लिया, लेकिन उसे पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति के रूप में भारत सरकार की ओर से वÂर्ष 2015-16 में 68.67 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। मैं बताना चाहता हूं कि जो नैशनल एलोकेशन होती है, उसके अनुसार हमने हरियाणा सरकार को प्रीमेट्रिक स्कीम के अन्तर्गत 32.80 करोड़ रुपए की धनराशि दी है। मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि अगर वे प्रीमेट्रिक स्कॉलरशिप भी अपने प्रदेश में लेना चाहते हैं, तो वे अपनी राज्य सरकार से कहें और यदि राज्य सरकार हमें प्रस्ताव भेजेगी, तो निश्चित रूप से हम धनराशि उपलब्ध कराने का काम करेंगे। ...(व्यवधान)...

सभापति महोदय, प्राइवेट सैक्टर के बारे में यहां भी चर्चा हुई है कि सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओ.बी.सी. वर्ग के लोगों को प्राइवेट सैक्टर में आरक्षण देने की पक्षधर

है और हर क्षेत्र में आरक्षण देने की हमारी कोशिश है। मैं इस संबंध में बताना चाहता हूं कि पिछली सरकार ने एक कमेटी बनाई थी। वह कमेटी काम कर रही है। उस कमेटी का प्रतिवेदन आएगा, तो हम विचार करेंगे और नहीं, तो हम भी वातावरण बनाने में सहयोग देंगे। मैं आप सबसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप कॉरपोरेट जगत में, उद्यमिता के क्षेत्र में वातावरण बनाने की कोशिश करें और अगर वह कहे कि हम अपने क्षेत्र में भी आरक्षण देने के लिए तैयार हैं, तो सरकार भी विचार करने के लिए तैयार है। हमें इसमें कोई कठिनाई नहीं है। ...(व्यवधान)...

सभापति महोदय, सरकार की नीयत साफ है और नीति भी साफ है। हम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। संविधान में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार योजना बनाकर अमल करते हैं। जो ऐसा प्रश्न करते हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि जब उनकी सरकार थी, तब 60 सालों तक उन्होंने क्यों नहीं किया, उसके लिए कौन दोÂषी है और आज आप हमें दोÂा देते हैं? मैं अभी भी कहता हूं कि आप वातावरण बनाने में हमारा सहयोग करें, हम निश्चित रूप से प्रयास करेंगे। ...(व्यवधान)...

माननीय सभापति महोदय, मैं स्पÂट करना चाहता हूं कि सरकार के दिलोदिमाग में किसी भी प्रकार का रिजर्वेशन समाप्त करने की बात नहीं है तथा आरक्षण है और रहेगा। सरकार की यही नीति है और यही नीयत है। बाकी लोगों के मन में कुछ बुरा भाव हो, तो वे अपने ढंग से जो सोचना है, वह सोचते रहें।

सभापति महोदय, मुझे हमारे संसदीय कार्य मंत्री जी ने कहा था कि आप 15-20 मिनट से ज्यादा समय मत लेना। आप यदि अनुमति दें, तो बजट-वाइज और बहुत सारे आंकड़े मेरे पास हैं, मैं उन्हें दूं अन्यथा मैं अपना बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री राजेश रंजन जी। केवल क्लैरीफिकेशन और केवल एक प्रश्न पूछें।

श्री राजेश रंजन : माननी सभापति महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बाबा साहेब, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की अन्य चीजों के लिए आपके पास विल-पॉवर है और 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए प्रयास करने की बात आपने कही है। कॉमन और कम्पलसरी एजुकेशन के मामले में आपकी विल पावर है। 40 करोड़ दिहाड़ी मजदूर, इंदिरा आवास, वृद्ध पैंशन, विधवा पैंशन, छात्रवृति देने के मामले में आपकी विल पावर है। इस देश में 54 करोड़ ओबीसी हैं और 18 परसेंट दलित हैं। हिन्दुस्तान में 3.6 प्रतिशत, यानी 2 करोड़ 82 लाख टीचर्स हैं, जिसमें 1.69 प्रतिशत दलित टीचर्स हैं और 14 परसेंट ओबीसी टीचर्स हैं।

मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और कारपोरेट सैक्टर के साथ-साथ मीडिया जगत में एससी, एसटी और ओबीसी कहां हैं? क्या आप इन चार व्यवस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की कोई व्यवस्था करेंगे? क्या अंतरजातीय विवाह करने वाले वर्गों के लिए कोई कानून है? इसके साथ-साथ जो जनगणना का सवाल है, वह हिन्दुस्तान की आवाम की सबसे बड़ी मांग है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या जनगणना पर सरकार कोई निर्णय लाने जा रही है?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Mr. Chairman Sir, I have a very short question to put. The hon. Minister has given a very emotional reply to the two day long discussion and speeches made by respective Members.

My question is relating to a very important aspect of Scheduled Castes that our society is facing. We have made a commitment in early 1990s that we will do away with manual scavenging. In 1993, this House had enacted a law but it was not sufficient and it was not enforceable. In 2013, the Government of the day made a comprehensive law which will be implementable and rehabilitation of those people who are involved in manual scavenging can also be done. Accordingly, a large amount of money was also being provided.

In 2013, Rs. 4656 crore was provided in the Budget but in this year's Budget, only Rs. 10 crore has been provided. How are you going to rehabilitate those people? We all know that railways are the largest employers of manual scavengers. All urban bodies of our country are the employers of manual scavengers. I am not talking about sewerage and I am not talking about private holdings. But here is a case to do away with the scourge that Indian society is still facing in the world at large. Are we not looking at that scourge to be obliterated?

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को कहना चाहूंगा कि आज देश में 43 चीफ जस्टिस और 177 एडिशनल जजेज हैं। कुल मिलाकर 219 जजेज हैं। इनमें ओबीसी के पांच जजेज, एससी के चार जजेज और एसटी निल है। मैं यह जानना चाहता हूं कि आईएएस, आईपीएस और सैक्रेट्रीज पर कौन से लोग कुंडली मारकर बैठे हुए हैं? आजादी के इतने साल बीतने के बाद भी इनकी हालत यह है। इसमें न इधर का पक्ष है, न उधर का पक्ष है, केवल सोचने का पक्ष है। हजारों साल से जो दलित, शोÂिषत, उपेक्षित, लाचार और सताये हुए लोग हैं, जिनकी आंखों में आंसू बह रहे हैं, उनके आंसुओं को हम कब पोछेंगे और कब उनके साथ न्याय होगा? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जातीय जनगणना कब प्रकाशित होगी?

डॉ. तापस मंडल: माननीय सभापति जी, एससी और एसटी सब प्लान का जो बजटरी एलोकेशन होना चाहिए था, वह तो नहीं है। एससी सब प्लान में डिमांड 91,000 करोड़ रुपए और ट्राइबल सब प्लान में 62,000 करोड़ रुपए होनी चाहिए थी लेकिन 38,000 करोड़ रुपया एससी सब प्लान और एसटी सब प्लान के लिए 23,000 करोड़ रुपया दिया गया है। 2015-16 फाइनेंशियल ईयर में जो मिलना चाहिए था उससे 30,000 करोड़ रुपए कम मिले हैं। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि पापुलेशन के प्रपोशन के हिसाब से जो बजट होना चाहिए, उसकी घोÂाणा कब करेंगे और यह कब तक लागू होगा?

डॉ. अरुण कुमार : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि बिहार में एससी और एसटी बच्चों के लिए स्कालरशिप भेजते हैं, इसमें भारी घोटाला है। क्या आप सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कैश ट्रांसफर हो? इसमें बहुत बड़ी लूट है। स्टाइपेंट का बहुत बड़ा घोटाला हुआ है, इसकी जांच कराइए।

DR. BOORA NARSAIAH GOUD: Mr. Chairman, Sir, through you I would like to put a specific question to the Minister.

This year we are celebrating 25th year or the Silver Jubilee of the OBC reservation. I do not know whether we have to celebrate or we have to mourn it because even after 25 years, out of the 27 per cent reservation given to OBCs, not even nine per cent is implemented. This is because there is no constitutional status to the NCBC.

My straight question to the Minister is: Are you going to give constitutional status to the NCBC like that of the National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes? If not, why? Why are you against giving a constitutional status to it? That is my straight question.

श्री संतोख सिंह चौधरी (जालंधर) : माननीय सभापति जी, जब चर्चा हुई थी तो मैंने भी अपना पक्ष रखा था। पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप की बात हुई कि बहुत से प्रांतों में बैकलॉग है। मैंने स्वयं अपने प्रांत के बारे में बताया कि 2014-15 का 131 करोड़ और 2015-16 का 499 करोड़ बैकलॉग है। अन्य प्रांतों में भी ऐसा ही है। मंत्री जी ने इसका कोई स्पÂष्ट जवाब नहीं दिया। हमने मंत्रालय के सैक्रेट्री को पूछा तो उन्होंने कहा फंड की शार्टेज है। पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप स्कीम बहुत महत्वपूर्ण है।

मेरी माननीय मंत्री से मांग है कि स्पष्Âट जवाब दें कि फंड्स राज्यों में क्यों नहीं जा रहे हैं? यूपीए सरकार 117वां संविधान संशोधन राज्यसभा में लाई थी और वहां पास किया था। मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि वर्तमान सरकार का क्या स्टैंड है?

श्री थावर चंद गहलोत : माननीय सभापति, मैं समय के अभाव के कारण बहुत सी बातें कहने की इच्छा होने के बाद भी नहीं बता पाया था। अभी अंतर्जातीय विवाह का विषय आया। यह प्रावधान है, हमने पिछले वÂर्ष के सब रिकार्ड तोड़े हैं और इस बार 100 से अधिक अंतर्जातीय विवाह करने वालों को 2.5 लाख की धनराशि प्रति जोड़ा उपलब्ध कराई है। इसमें सबसे ज्यादा लाभ आंध्र प्रदेश में शादी करने वालों को मिला है।

अन्य राज्यों में भी यह योजना है और अब यह सवाल रह जाता है कि उसे कम करना है या ज्यादा करना है तो यह विचारणीय है। मैनुअल स्वर्वेंजर्स के लिए कई सदस्यों ने कहा कि बजट कम है, किसी ने कहा कि पहले इतना था लेकिन अब कम कर दिया है। हमने राज्यों से जानकारी मांगी। मुश्किल से 13 राज्यों ने जानकारी दी और साढ़े तरह या चौदह हजार मैनुअल स्वर्वेंजर्स की जानकारी दी गई। हमने नियम बनाया है कि जैसे ही हमने जानकारी मिलती है हम उनसे आग्रह करते हैं कि वे अपना नाम, पता और बैंक एकाउंट नम्बर हमें उपलब्ध कराएं। सर्वाधिक आंकड़े उत्तर प्रदेश से आए थे। हमने इन डेढ़ वÂर्षों में जो आंकड़े हमारे पास आए थे, उनमें से नौ हजार से अधिक लोगों को एकमुश्त चालीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता देकर सफाई कर्मचारी वित्त विकास निगम की ओर से उनमें से अधिकांश को प्रशिक्षित करने का काम किया। अगर वे नौकरी के लायक थे तो नौकरी दिलाने की कोशिश की और यदि कारोबार करने की स्थिति में थे तो उन्हें वह सुविधा भी उपलब्ध कराई।

सभापति जी, मैं एक जानकारी देना चाहता हूं और वह सबको अच्छी लगेगी। हमने सफाई कर्मचारी परिवार से संबंधित ढाई सौ महिलाओं का सात महीने का प्रशिक्षण कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए और मोटर मैकेनिक बनाने के लिए दिल्ली में दिया। वे ढाई सौ महिलाएं ट्रेंड हो गई और उनमें से सवा दो सौ महिलाओं के लाइसेंस बन गए और चूंकि कमर्शियल लाइसेंस बनाने में कुछ समय लगता है, इसलिए परिवहन विभाग से हमारी बात चल रही है। जैसे ही उन्हें कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिलेगा हम वित्त विकास निगम की ओर से उन्हें व्हीकल उपलब्ध कराएंगे जिससे वे अपना रोजगार स्वयं कर सकें तथा नौकरी ढूंढ़ने की जगह नौकरी देने वाली स्थिति में आएंगी। इसके साथ-साथ उन्हें ट्रेनिंग के दौरान तीन हजार रुपए प्रति महीना मानदेय भी दिया गया। हमने राज्यों को पत्र लिखा कि वÂान 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 26 लाख ऐसी लेट्रिंस दर्शाई गई थीं, जिन्हें हाथ से मैला ढोने वाली प्रथा के अंतर्गत साफ किया जाता है। हम राज्यों को लिख-लिख कर थक गए और राज्यों के साथ हमने मीटिंग भी की। हमारे अधिकारी भी वहां गए, वीफ सैक्रेट्री के साथ बात की, वहां के मंत्रियों के साथ बात की लेकिन बाकी राज्यों ने कोई आंकड़ें नहीं दिए। हमने शौचालय बनाने की योजना बनाकर ऐसी पुरानी लेट्रिंस को डिस्ट्राय करके फ्लशयुक्त लेट्रिन बना दी हैं। मैं माननीय सांसदों से प्रार्थना करूंगा कि हम भी इस विÂषय से चिंतित हैं। हमने भी हमारे यहां से सर्वे करने के लिए एक एजेंसी तय की है। आप भी अपने-अपने क्षेत्रों में जहां-जहां आपको जानकारी मिले, आप हमें जानकारी भिजवाएंगे तो मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि एक महीने के अंदर हम उन्हें इस धंधे से मुक्त कराएंगे और आर्थिक सहायता के साथ-साथ ट्रेनिंग भी देंगे और आत्मनिर्भर बनाने का काम करेंगे।

इसके साथ-साथ ढाई सौ महिलाओं का बैच हमने पहले तैयार किया था और अभी दो सौ महिलाओं का एक बैच और ट्रेंड किया है जिनकी ट्रेनिंग मार्च महीने में पूरी हुई है। इन्हें भी हमने सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं तथा इन्हें भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हम भिन्न-भिन्न संस्थाओं से बात करके नौकरी दिलाने का भी काम कर रहे हैं और हमने जिन्हें ट्रेंड किया है, उनमें से लगभग 75 परसेंट महिलाओं को कारोबार की ओर आगे बढ़ाने में हमें सफलता भी मिली है। इसके लिए तो आपको हमें धन्यवाद देना चाहिए कि हिंदुस्तान की आजादी के बाद पहली बार हमने यह क़दम उठाया है, अगर आप इसकी भी सराहना नहीं करेंगे तो सही बात नहीं है।

16.00 hours

यहाँ पर डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम की बात आयी है। हमने यह स्कीम सरकार बनने के तुरंत बाद लागू कर दी। किसी भी प्रकार की स्कॉलरशिप या भारत सरकार की धनराशि लाभार्थी को दिया जाना है, तो वह उनके बैंक अकाउंट में डायरेक्ट पेमेंट भेजी जाती है। यह व्यवस्था है। एक-दो राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों ने इसे स्वीकार कर लिया है। इसके लिए ऑन-लाइन आवेदन की प्रक्रिया है। हमने ट्रांसपेरेंसी लाने की कोशिश की है। लीकेज को रोकने की कोशिश की है। छात्रवृत्ति में जो बेइमानी या गड़बड़ियाँ होती थी, उसे रोकने में हमको सफलता मिली है। इससे तो प्रश्न करने वाले को और सबको खुश होना चाहिए।

इसके साथ ही, वेंचर कैपिटल फण्ड की बात आयी। पिछले साल दो सौ करोड़ रुपये इस फण्ड में रखे गये थे। लगभग 134 करोड़ रुपये की धनराशि 28 से ज्यादा उद्यमियों को हमने दी है। इस बार बजट में 500 करोड़ रुपये वेंचर कैपिटल फण्ड के रूप में प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री जी ने एक और नयी योजना लागू की है। "स्टार्ट अप इंडिया " और "स्टैंड अप इंडिया " का निर्णय लिया गया है। इसके तहत देश की सभी बैंक की शाखाओं को, बैंक की सवा लाख शाखाओं को आदेश दिया गया है कि वे कम से कम दो अनुसूचित जाति के लोगों को लोन देंगे और उसमें एक महिला को भी अनिवार्य रूप से लोन देने का प्रावधान है। यह महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने की दÂिष्ट से किया गया है। "मुद्रा " योजना में हम फिक्की के माध्यम से दलित वर्ग के उद्यमियों को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में तेज गति से काम कर रहे हैं।

माननीय सभापति : श्री खड़गे जी, आप बोलें।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अभी तो वे बोलने के लिए खड़े हैं।

माननीय सभापति : क्या आपकी बात समाप्त हो गयी?

श्री थावरचंद गहलोत : यदि श्री खड़गे जी कुछ कहना चाहते हैं, तो यदि आप अनुमति देंगे तो मैं बैठ जाऊँगा।

माननीय सभापति : मैं यह कह रहा हूँ कि क्या आपकी बात समाप्त हो गयी या और कुछ कहना है?

श्री थावरचंद गहलोत : मैं बैठने के लिए तैयार हूँ।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : श्री गहलोत जी हमेशा अग्रेसिव बात करते हैं क्योंकि वे अपनी बात बहुत ही ज़ोर से रखते हैं। अब तक जो सिडयुल्ड कास्ट, सिडयुल्ड ट्राइब्स और बैकवर्ड क्लास के लिए जो कुछ भी हुआ है, इन 60 वÂाों में, वह शायद इन दो वÂर्षों में ही पूरा हुआ है, ये ऐसी बात कहते हैं। मैं उनकी सराहना करता हूँ क्योंकि वे एक ऐसी पार्टी से आते हैं, जो पार्टी देश के लिए कुछ भी नहीं करती है, तो कम से कम ऐसी बातें कहकर छोड़ना चाहिए। मेरा एक खास मुद्दा यह है क्योंकि यदि आपने क्या किया और हमने क्या किया, यही बोलते रहें, तो उससे समस्या का समाधान नहीं होगा।

मेरे दो प्रश्न हैं। एक तो रिज़र्वेशन इन प्रमोशन की बात है। यह बहुत दिनों से पेंडिंग है। जब हमने यह बिल लाया, तो उसमें कभी एक पार्टी उसका सपोर्ट करती है, तो दूसरी पार्टी उसका विरोध करती है, वे चाहे इधर के सदस्य हों या उधर के सदस्य हों। जब रिज़र्वेशन इन प्रमोशन का बिल आया, तो अपोजीशन पार्टी के लोग उसे फाड़ दिये थे। यह बहुत-से लोगों को याद होगा। इसकी वजह से सेक्रेट्रिएट में एक भी सेक्रेट्री नहीं है। यदि सौ में से एक-आधा होगा, तो उसकी बात अलग है। सिडयुल्ड कास्ट, सिडयुल्ड ट्राइब्स और बैकवर्ड क्लासेज में भी चन्द लोग हैं, जो उँगलियों पर गिने जा सकते हैं, उससे ज्यादा नहीं हैं। ...(व्यवधान) यह बहुत दिनों से है, आपके जमाने से और हमारे जमाने से ही है। इसीलिए मैं बोल रहा हूँ। इसलिए इसकी जरूरत है, क्योंकि आपको मेजॉरिटी मिली है, जब मेजॉरिटी मिली आई है, तो उसका फायदा उठाकर, जब हम बाबा साहब डाक्टर अम्बेडकर जी की 125वीं जयन्ती मना रहे हैं, इसे लाने की कोशिश कीजिए और जो लोग मानते नहीं

हैं, उनको मनवाने की कोशिश कीजिए। जब कोई कानून बनता है, उसमें जब दूसरों की सहमति नहीं होती है तो सहमति बनाने के लिए थोड़ी कोशिश करनी पड़ती है। इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं कि इसको आप मेहनत करके, प्रधानमंत्री जी को समझाकर इस कानून को लाएंगे, ऐसी मेरी आशा है। दूसरी चीज यह है...(व्यवधान)

माननीय सभापति : एक ही क्वेश्चन पूछिए।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: ठीक है, मैं बाकी प्रश्न छोड़ देता हूं। एक विÂषय बहुत इम्पोर्टेंट हैं और इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि वह कदम उठाएं और बाकी चीजें मैं बोलना नहीं चाहता हूं।...(व्यवधान) ये सब झगड़े की बाते हैं। अगर आप बोलेंगे तो हमारे पास भी बहुत कुछ है। आडवाणी साहब ने पाकिस्तान जाकर सेकुलरिटी की बात कही, तो उनको किनारे कर दिया, अब तक उनका एड्रेस ही नहीं है। ...(व्यवधान) 65 साल से तिरंगा झण्डा है, आपके आने से नहीं लगा। अब बाबा साहब की यहां फोटो लगाकर पूजा कर रहे हैं। इसलिए मैं ये बातें नहीं कहना चाहता हूं। यह ज्यादा जरूरी है, आप इसके बारे में कदम उठाना और आपका जितना भी इनफ्लूएंस है, उसको इस्तेमाल कीजिए।

साध्वी सावित्री बाई फूले : माननीय मंत्री जी, मैं यह कहना चाहती हूं उत्तर प्रदेश में जितने लोगों का प्रमोशन से डिमोशन किया गया है, उस विÂषय पर भी विचार किया जाए और उसके बारे में कानून बनाकर पुनः उन लोगों का प्रमोशन कराएं।

माननीय सभापति : मैडम, आप बैठिए।

निशिकान्त दुबे जी, आप बोलिए।

श्री निशिकान्त दुबे : सभापति महोदय, 24 तारीख को मंत्री जी ने मेरे ही प्रश्न के उत्तर में बताया था कि वर्ष 2007 से नेशनल सैम्पल सर्वे ऑफ इंडिया में यह चीज पेंडिंग है कि देश में ड्रग के एडिक्ट कितने हैं? इस देश में नशा लेने वाले कितने आदमी हैं, इसका कोई भी डाटा भारत सरकार के पास मौजूद नहीं है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि वÂर्ष 2007 में यह काम शुरू हुआ था, किसी न किसी वजह से यह काम रुकता रहा, अब वÂर्ष 2016 आ गया है। नौ वÂर्ष बाद क्या हमारी सरकार इस बारे में कोई सर्वे करेगी और सर्वे करके कब तक इसकी रिपोर्ट देगी कि इस देश में कितने नशाखोर हैं?

श्री थावर चंद गहलोत : महोदय, जब खड़गे साहब यहां आते हैं तो मुझे उनसे कुछ प्रेरणा मिल जाती है। वह भी अवसर आक्रामक होकर और गुस्सा करके बोलते हैं, जैसे ही मैं उनको आमने-सामने देखता हूं तो मैं सोचता हूं कि उनको उन्हीं की भाषा में जवाब दूं। इस कारण से थोड़ी ऊंची आवाज में बोल देता हूं, नहीं तो, मैं जो बोलता हूं, ठीक बोलता हूं। ...(व्यवधान)

श्री भर्तृहरि महताब : लेकिन आज उन्होंने कंस्ट्रक्टिव सजेशन दिया है।

श्री थावर चंद गहलोत : महोदय, आपने प्रमोशन में आरक्षण से संबंधित बात कही, सरकार प्रमोशन में आरक्षण की पक्षधर है। राज्य सभा में जब यह बिल आया था तो हम विरोध पक्ष में थे। अरुण जेटली जी ने और हम सभी ने मिलकर सरकार का सहयोग किया था और वहां प्रमोशन में आरक्षण का बिल पास हुआ था। जब वह बिल वहां से पास होकर यहां आया, यहां भी यूपीए की सरकार थी, यूपीए सरकार ने उस बिल को लाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि आपकी पार्टी में भी बहुत लोग उसके पक्ष में नहीं हैं और इधर भी कुछ लोग ऐसे हैं जो उसके पक्ष में नहीं हैं। इसलिए वातावरण बनाने की आवश्यकता थी, अभी भी वह आवश्यकता बरकरार है। अगर आप अपनी तरफ से भी वातावरण बनाएं, अगर सरकार को लिखकर दे दें कि कांग्रेस पार्टी प्रमोशन में आरक्षण की पक्षधर है तो हम जरूर उस पर गंभीरता से विचार करेंगे और उम्मीद है कि इस दिशा में आगे भी बढ़ेंगे, परन्तु इस वातावरण को ठीक करने के लिए हम सभी लोगों को प्रयास करना पड़ेगा।

महोदय, जहां तक सेक्रेटरी लेवल पर एससी-एसटी के लोगों की बात है, आपने कहा कि एससी का एक सेक्रेटरी है, बात सही है। अनुपातिक दÂिष्टकोण को ध्यान में रखें तो जनसंख्या के हिसाब से जितनी सीट्स हैं, उसके अनुसार 15 परसेंट एसी के और 7.5 परसेंट एसटी के होने चाहिए, लेकिन नहीं हैं। कहीं न कहीं व्यवस्था में यह जो खामियां हैं, यह लम्बे समय की हैं। इन खामियों को दूर करने के लिए भी एक-दूसरे का परस्पर सहयोग और समर्थन आवश्यक है। वह समर्थन न उधर से मिल रहा है और न इधर से मिल पा रहा है। इसका प्रमुख कारण है कि क्लास-वन पोस्ट में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। यदि मैं यह कहूं कि आज की तारीख में तीन या चार सेक्रेटरी हैं तो गलत नहीं है। तीन-चार में कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं है और यह गम्भीर चिंता का विÂषय है। इसको ठीक किया जाना चाहिए और इसके लिए आप और हम सब मिलकर प्रयास करें, ईमानदारी से प्रयास करें तो मामला आगे बढ़ सकता है। मैं स्वयं इसका पक्षधर हूं।

महोदय, यहां जातिगत आधार पर जनगणना की बात भी आयी थी। जनगणना हुई है और इसके आंकड़े जारी करने के जो नियम-कायदे हैं, उसके अंतर्गत एक कमेटी बनायी गयी है। गृह मंत्रालय के पास वह मामला विचाराधीन है। गृह मंत्रालय इस पर विचार कर रहा है। हम लोग गृह मंत्रालय के संपर्क में हैं। समय आने पर उसको भी करने की कोशिश करेंगे।

महोदय, नशे में लिप्त लोगों के बारे में भी बात आयी है। हम लोग कोशिश करते रहते हैं। हमारा डीडीआरएस संगठन है। यह जिला लेवल पर है। यह सभी जिलों में नहीं है, परंतु करीब पौने तीन सौ जिलों में वह है और बाकी में एनजीओज़ वगैरह हैं, जिनके माध्यम से हम कोशिश करते हैं। लेकिन हमें इस बारे में एक कठिनाई आती है कि दारू पीने वाले लोगों से जब आप पूछते हैं कि आप दारू पीते हैं तो वह कहते हैं कि कौन नासमझ कहता है, जो कहता है, असत्य कहता है। यदि इस तरह का जवाब मिले तो आप क्या कर सकते हैं? उनको या तो जबरदस्ती पकड़ कर ले जाओ और उनकी इस आदत को दूर करो, तभी कुछ हो सकता है, अन्यथा पीने वाले तो ऐसे ही जवाब देते हैं, जो मैंने कहा है...(व्यवधान) यह मेरी भाÂषा नहीं है, मैंने जो अनुभव प्राप्त किया, वह बताया है कि जब हम किसी पीने वाले से पूछते हैं तो वह ऐसे ही जवाब देता है। मैंने कई लोगों को नशामुक्त कराने का प्रयास किया और पुलिस को बोला कि इन लोगों को नशामुक्ति केन्द्र में रखा जाए। उनको नशामुक्ति केन्द्र में भी रखा, वह फिर पी लेते हैं और कहते हैं कि नहीं पी है। इस तरह से कैसे सर्वे करेंगे। फिर भी हमने एक सर्वे एजेंसी निर्धारित की है जो सर्वे का कार्य कर रही है। हमारा निरंतर इस तरफ प्रयास चल रहा है।

इसी प्रकार से हम भिक्षावृत्ति रोकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं, आप उसको अन्यथा न लें। दिल्ली के एक चौराहे पर जहां लाल बत्ती लगी रहती है, वहां एक बार हमारी गाड़ी रुकी हुई थी तो भीख मांगने वाला आया। हमने उसको कहा कि आप भिक्षावृत्ति छोड़ दो। वह बोला, क्यों छोड़ दें? हमने कहा कि आपको नौकरी दिला देंगे। वह बोला आप क्या देंगे? हमने कहा कि आपको दो सौ रुपये रोज़ दिला देंगे या जो भी कलेक्टरेट का रेट होगा। वह बोला तुम हम से तीन सौ रुपये रोज़ ले लो। उन्होंने आगे बताया कि साहब तुला राम मार्ग चौराहे की यह लाइट एक दिन में हजार बार लाल होती है। एक बार में हमको कम से कम दो हजार रुपये मिलते हैं तो दो हजार रुपये या चार हजार रुपये एक दिन में हो जाते हैं। आप दो-चार सौ रुपये की बात कर रहे हैं। हमने इसको दूर करने का प्रत्यक्ष प्रयास किया है, लेकिन उन लोगों ने जो जवाब दिया, वह मैं सदन से शेयर कर रहा हूं। यह बहुत ही कठिन काम है। इसके लिए कानून है कि इनको पकड़ कर जेल में डाल दो। लेकिन जेल में डालने से कोई समाधान नहीं हो रहा है। यह विÂाय राज्य सरकार के अधीन आता है। राज्य सरकार को इस संबंध में काम करना चाहिए। फिर भी हम सुधार गृह बनाने की दÂिष्ट से उपाय सोच रहे हैं और इस दिशा में हम आगे भी प्रयास करते रहेंगे। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Rajeev Satav, are you pressing your cut motion?

SHRI RAJEEV SATAV (HINGOLI): I am pressing my cut motion.

HON. CHAIRPERSON: I shall now put cut motion No. 1 moved by Shri Rajeev Satav to the vote of the House.

The cut motion was put and negatived.

HON. CHAIRPERSON: I shall now put cut motion No. 8 moved by Shri Ravneet Singh Bittu to the vote of the House.

The cut motion was put and negatived.

HON. CHAIRPERSON: I shall now put the Demands for Grants relating to the Ministry of Social Justice and Empowerment to the vote of the House.

The question is:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2017, in respect of the heads of Demands entered in the Second column thereof against Demand Nos. 82 and 83 relating to the Ministry of Social Justice and Empowerment."

Demands for Grants (General), 2016-17 in respect of Ministry of Social Justice and Empowerment voted by Lok Sabha

No. of Demand	Name of Demand	Amount of Demands for Grants on Account voted by the House on March 2016		Amount of Demands for Grants voted by the House	
1	2	3		4	
		Revenue (Rs.)	Capital (Rs.)	Revenue (Rs.)	Capital (Rs.)
82	Department of Social Justice and Empowerment	1037,83,00,000	56,50,00,000	5189,12,00,000	282,50,00,000
83	Department of Empowerment and Persons with Disabilities	125,59,00,000	5,00,00,000	627,97,00,000	25,00,00,000

The motion was adopted.

HON. CHAIRPERSON: The Demands for Grants relating to the Ministry of Social Justice and Empowerment are passed.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि आइटम नम्बर -23 ज्यादा इम्पार्टेंट है, इसलिए इसे पहले ले लिया जाए और आइटम नम्बर - 21 और 22 उसके बाद ले लें, मैं हाउस से यही रिक्वैस्ट करना चाहता हूं।

16.16 hours

(ii)Ministries of Civil Aviation and Tourism